हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

12 पटवारियों ने आनलाइन काम बंद किया



14 शहर सरकार का कार्यकाल 6 को होगा खत्म,...




## खबर संक्षेप

### आज देवपुर में जैतखाम का उद्घाटन

**धमतरी।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण द्वारा 31 दिसंबर को देवपुर के डोंगेश्वर धाम में ब्लॉक स्तरीय जयंती कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। इस दौरान नवनिर्मित जैतखाम का उद्घाटन किया जायेगा। पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। बाबाजी के 7 संदेश 42 वाणी का वाचन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र भारती ने ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### बिरगुड़ी में डीजे डांस आज

**नगरी।** ग्राम पंचायत बिरगुड़ी में युवा संगठन द्वारा राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 31 दिसंबर मंगलवार को रखी गई है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 7000, द्वितीय 5000, तृतीय 3001 पुरस्कार, युगल में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, एकल में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001 व तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये दिया जायेगा। तैयारी में समिति अध्यक्ष बुधेश नायक, उपाध्यक्ष नीरज नाग, सचिव संजय समुंद, दानेश्वर कश्यप, विकास नाग समेत अन्य जुटे हैं।

### सांकरा में शिव महापुराण कथा 1 जनवरी से

**सांकरा।** राधे-राधे सत्संग परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम



सांकरा में शिव महापुराण कथा का आयोजन 1 से 7 जनवरी तक किया गया है। कथावाचिका वर्षा नागर श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़ा (उज्जैन धाम) होंगी। कथा सुबह 11 से शाम 4 बजे तक होगी।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने माई भारत पोर्टल अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनदत्ता एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही जिले के महाविद्यालय में भारतीय डाक के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

### नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनदत्त एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह जिला पंचायत के प्रोग्रामर हितेश सिन्हा और सहायक प्रोग्रामर सामान्य निर्वाचन अखिलेश आहूजा को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। बता दें कि सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए एक जनवरी 2025 के पूर्व सभी विभागों में ई-ऑफिस क्रियान्वयन करने का लक्ष्य रखा गया है।

कांग्रेस-भाजपा समर्थित सदस्य आए एक मंच पर, कार्वाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री से होगी शिकायत

# जपं विकास निधि राशि में मनमानी, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को जनपद पंचायत विकास निधि में हेरफेर को लेकर कांग्रेस-भाजपा समर्थित 22 जनपद सदस्यों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया है। यहां संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सदस्यों ने जनपद पंचायत सीईओ कक्ष के सामने बैठकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीईओ के खिलाफ खूब नारेबाजी की।

जनपद पंचायत धमतरी में सुबह 11 बजे कांग्रेस तथा भाजपा के जनपद सदस्य एकत्रित हुए। दोपहर 12 बजे के बाद जनपद से एकत्रित सभी सदस्य पैदल नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जहां अपर कलेक्टर ज्ञापन लेने पहुंचे लेकिन सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपने की बात कही। अपर कलेक्टर ने पांच जनपद सदस्यों को मुलाकात करने की अनुमति दी। जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 2024-25 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के कार्यों के लिए जनपद पंचायत निधि की 60 प्रतिशत राशि 32.40 लाख रूपये 16 दिसम्बर को जनपद पंचायत धमतरी के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के खाते में आ चुकी है। जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बिना



बैठक एवं प्रस्ताव के मनमानीपूर्वक 20 दिसम्बर को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को 38 लाख रूपये के तीन कार्य ग्राम दरगहन में टिन शेड निर्माण एवं कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 18 लाख रूपये, ग्राम रांवा में टिन शेड निर्माण एवं कांक्रीटीकरण के लिए 18 लाख तथा लिमतरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख रूपये का प्राक्कलन तैयार करने पत्राचार किया।

जनपद सदस्यों ने बताया कि जनपद विकास निधि की राशि सभी जनपद सदस्यों के क्षेत्र विकास के लिए जारी की जाती है। अध्यक्ष के क्षेत्र में 5 लाख, उपाध्यक्ष के क्षेत्र में 3 लाख तथा सदस्यों के क्षेत्र के लिए 2-2 लाख रूपये आवंटित होना था। लेकिन सिर्फ दो गांवों में मनमाने ढंग से राशि देने को लेकर 23 दिसम्बर को सीईओ से जानकारी मांगी गई लेकिन उन्होंने गुमराह किया। जबकि सीईओ के हस्ताक्षर से प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति कराई गई है। जनपद सदस्यों ने कलेक्टर जपं धमतरी सीईओ द्वारा किए गए अवैधानिक कृत्यों की सूक्ष्मता से जांच कर कठोर कार्रवाई करने, तकनीकी स्वीकृति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, जनपद की सामान्य सभा की बैठक कराने एवं जनपद सदस्यों द्वारा प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति दिलाने की मांग की है।

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष गुंजा साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, सदस्य अनिल तिवारी, जागेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, गीता बाई, चंद्रकला बंजारे, रूपाली ध्रुव, शैलेश मंडावी, रामाधार साहू, पूर्णिमा बनपेला, सुरेश मरकाम, मानिक साहू, रोशनी पवार, अनुपमा साहू, जानकी, जागेन्द्र साहू, विजय कुमार, वर्षा साहू, माधुरी साहू, सरिता यादव मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा है कि सीईओ द्वारा लिपिकीय त्रुटि की जानकारी मिली है। सीईओ द्वारा सुधारा जाएगा।

# नववर्ष पर पुलिस की रहेगी तगड़ी सुरक्षा

- एएसपी ने रूद्री व कोतवाली पुलिस की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

थर्टी फर्स्ट व नववर्ष पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। होटल संचालक, लॉज व रिसार्ट के मालिक एवं प्रबंधकों को समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है।

नववर्ष पर व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध करने एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने सोमवार को कोतवाली व रूद्री पुलिस की बैठक ली। बैठक में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई एवं रूद्री थाना प्रभारी एसआई अमित बघेल ने होटल संचालकों, लॉज, रिसार्ट के मालिक व प्रबंधकों से शहर में शांति



व्यवस्था बनाए रखने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान आपातकालीन संपर्क नंबर जारी किया गया है। आपात स्थिति में निकटतम थाने या कंट्रोल रूम धमतरी के नंबर 94791-92299 अथवा नंबर 100, 112 पर डायल किया जा सकता है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन पर प्रतिबंध लगाया है। होटलों या ढाबों पर शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने और परोसने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### नववर्ष पर पुलिस की अपील

नववर्ष 2025 के अवसर पर धमतरी पुलिस ने अपनी सुरक्षा व समाज हित को देखते हुए जिम्मेदारी से उत्सव मनाने का आग्रह किया है। जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने पर कार्रवाई होगी। मोटरसाइकिल में दो से अधिक सवार पर प्रतिबंध लगाया गया है। वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा करने, नाबालिगों को वाहन चलाने नहीं देने, सड़क पर स्टंट नहीं करने की अपील की है। इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पर चाकू या तलवार से केक काटते पाये जाने या इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई करेगी।

आज व कल गंगरेल पहुंच मार्ग रहेगा वन-वे

# गंगरेल पहुंचने वालों के लिए रूट चार्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नववर्ष मनाने के लिए गंगरेल पहुंचने वाले पर्यटकों के सुगम यातायात के लिए ट्रेफिक पुलिस द्वारा रूट चार्ट जारी किया गया है। वहीं पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिन्हांकित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा नववर्ष उत्सव के दौरान गंगरेल बांध घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाने वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किया गया है। रायपुर की ओर से आने वाले पर्यटक गोकुलपुर चौक, लक्ष्मी निवास, कर्मा चौक, कलेक्ट्रेट तिराहा, रूद्री चौक से होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। इसी तरह नगरी व बोराई की ओर से आने वाले पर्यटक दानीटोला, नहरनाका बाईपास से होकर रूद्री चौक होते हुए गंगरेल जाएंगे। इसी तरह गंगरेल पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए पार्किंग 01 वर्कशाप में चार पहिया व अन्य वाहनों की पार्किंग की जाएगी। पार्किंग 02 पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में चार पहिया व अन्य वाहन, पार्किंग 03 ग्रीन एडवेंचर रिसार्ट में बाइक पार्किंग, पार्किंग 04 पुलिस चौकी के पीछे शीतला मंदिर के पास व पार्किंग 05 मोटर




जाने वाले रास्ते चार पहिया व अन्य वाहन खड़े किए जाएंगे। इसके साथ ही कांकेर की ओर से आने वाले पर्यटक पुरूर, सोरम, भटगांव होकर खिड़कीटोला व डांगीमाचा होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। उक्त वाहन पार्किंग 07 मानव वन के आगे ओपन एरिया में खड़े होंगे। 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को पर्यटकों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए गंगरेल पहुंच मार्ग को वन-वे किया जाएगा।

## सड़क हादसे में महिला सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रहे चार वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। इस हादसे में एक महिला सहित दो किशोर घायल हो गये।

- चिटौद की घटना

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिटौद थाना पुरूर के पास सोमवार को नेशनल हाईवे में सड़क दुर्घटना हो गई। भेलेन्द्र साहू व जितेन्द्र साहू मोटर साइकिल में सवार होकर पुरूर से धमतरी जा रहे थे। इसी दौरान रिश्तेदार के घर से नहावन कार्यक्रम में शामिल होकर सुमित्रा बाई साहू उम्र 60 वर्ष ग्राम बागतराई निवासी वापस घर लौट रही थी। ग्राम चिटौद के पास महिला सड़क किनारे खड़ी होकर परिचित का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार से बाइक टकराने वाली थी, जिससे बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। वहीं एक कार बाइक से टकरा



गई। वाहनों की टक्कर में महिला चपेट में आ गई। इस हादसे में महिला का पैर फ्रेक्चर हो गया। वहीं बाइक सवार किशोरों को हाथ, पैर व कनपटी में चोट आई है। घटना के बाद स्कूटी चालक व कार चालक मौके से निकल गये। इसी दौरान वहां से गुजर रही टोल प्लाजा जगतरा की एम्बुलेंस 1033 ने तीनों घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल किशोरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं घायल महिला को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

# पीडीएस चावल का बाजार भाव हुआ धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पीडीएस चावल का अवैध कारोबार करने वालों पर खाद्य तथा राजस्व विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई करने का असर बाजार में दिखने लगा है। मार्केट में 28 से 30 रुपए किलो बिकने वाला पीडीएस चावल का दाम 20 प्रतिशत तक गिर गया है।

- 30 रुपए किलो में बिकने वाला चावल 25 रूपए पर आया
- राशन दुकानों में स्टॉक से अधिक चावल जाम

पीडीएस चावल का रेट गिरने की मुख्य वजह विभागीय कार्रवाई को बताया जा रहा है। अवैध कारोबारियों ने फिलहाल चावल खरीदने से हाथ खड़े कर दिए हैं। अब हालात यह है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में निर्धारित स्टॉक से अधिक चावल डंप है।

पीडीएस चावल के अवैध परिवहन, भंडारण को लेकर राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने भटगांव के श्रीराम अनाज, रिसाईपारा पूर्व के रजत गोविंदानी गोदाम, मकई चौक के मनसुख लाल, रामबाग स्थित पवार अनाज भंडार में छापामारी कर पीडीएस चावल पकड़ा है। विभाग ने नियमानुसार चावल की जब्ती बनाकर दुकानदारों को सुपुर्द कर दिया है। मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो



पाई है।

इस विभागीय कार्रवाई से पीडीएस चावल के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। राशन दुकानों में चावल के बदले रूपए लेने वाले मुकु, पुन्नी, परमिला, सोहागा ने बताया कि राशन दुकानों का चावल मोटा रहता है। उस चावल को बेचकर खंडा या पतला चावल खरीदते हैं। विभागीय कार्रवाई होने का असर यह हुआ कि 28 से 30 रुपए में बिकने वाला पीडीएस चावल आज 23 से 25 रुपए किलो हो गया है। वहीं कार्रवाई होने से अवैध कारोबारी तथा मिलर पीडीएस चावल खरीदने से हाथ खड़े कर दिए हैं। राशन दुकानदार भी चावल खरीदने से आनाकानी कर रहे हैं, जो खरीद रहे हैं वह भी 20 से 25 प्रतिशत कम दाम पर। पहले 35 किलो चावल का 1000 रूपए मिलता था। अब 800 रुपए मिल रहा है। बताया जा रहा है कि सरकारी राशन दुकानों में निर्धारित स्टॉक से अधिक मात्रा में चावल पड़ा हुआ है। विभाग अगर राशन दुकानों का स्टॉक चेक करेगा तो भारी मात्रा में अवैध चावल का स्टॉक मिलेगा।

# युवक ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मृतक के बड़े भाई लुकेश साहू के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरसी निवासी तिलकराम साहू पिता पंचूराम उम्र 34 वर्ष ने 12 वीं तक की पढ़ाई की थी। वह आर्केस्ट्रा व रंगारंग कार्यक्रम में अक्सर महिला की भूमिका निभाता था। बीते 5-6 साल से तिलकराम सलवार सूट व साड़ी पहनता था। वह घर परिसर में बने अलग से कमरे में रहकर जीवन-बसर कर रहा था। रविवार की सुबह उसके कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। उसके बड़े भाई लुकेश साहू ने तिलक को आवाज लगाई। भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर दरवाजा को धक्का दिया जिससे वह खुल गया। भीतर तिलक दीवार पर लगे कील में साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना अर्जुनी थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा

- लोहरसी की घटना



की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्चयूरी भेज दिया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि पहले तिलक ठीक था। बीते 5-6 साल से साड़ी-सलवार पहनकर घूमता था। वह परिवार से अलग रह रहा था। शनिवार को गांव की मड़ई थी। इसी दिन से तिलक की तबीयत ठीक नहीं थी जिसके कारण वह गांव से बाहर नहीं गया था। मड़ई के दूसरे दिन रविवार की सुबह लगभग 10 बजे उसे खाना खाने के लिए आवाज दी गई। जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा को धक्का मारकर अंदर गया। भीतर उसका भाई दीवार के कील में फांसी पर लटका हुआ था।

सड़क परियोजना, ग्रामीण गोदाम, जलजीवन मिशन समेत अनेक योजनाओं पर किया काम

# नाबार्ड के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र का हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ने जिले में विभिन्न विकासत्मक पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। इनका मुख्य उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन आदि शामिल हैं।

नाबार्ड के अधिकारी पंकज आर. सोनटक्के ने बताया कि नाबार्ड ने जिले के विभिन्न क्षेत्र में वाटर शेड परियोजना, फलदार पेड़ लगाना, महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास किया। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क परियोजना, ग्रामीण गोदाम, कोविड के समय





प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए परियोजना, जलजीवन मिशन के तहत पेयजल, मशरुम की खेती, बैंकिंग सेवाएं शामिल हैं।

श्री सोनटक्के ने बताया कि जिले के नगरी ब्लाक में पांच वाटर शेड परियोजना के माध्यम से माकरदोना, कुमधा, बाजारकुर्रीडीह, कोलियारी, गुहाननाला में कुल 4570.76 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई एवं मृदा संरक्षण के लिए कार्य किया गया। नगरी ब्लाक के 500 आदिवासी परिवार के लिए आम, अमरूद की बाड़ी बनाई गई। इससे किसान परिवारों की आय में वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह का गठन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया। इस योजना में 427 किसानों को फायदा हुआ। वे दुबराज और देवकोट धान से लाभान्वित



हुए। ग्रामीण विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए वित्तीय सहायता दी गई। इससे सिंचन, परिवहन, संचार सुविधाओं में सुधार हुआ। पिछले 6 वर्षों में 112.06 करोड़ रूपए की लागत से 96 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 21 ग्रामीण गोदाम परियोजनाओं की मंजूरी दी गई। कुल व्यय 5.36 करोड़ रूपए है। कोविड के समय प्रबंधन और नियंत्रण के लिए 4.43 करोड़ रूपए की मंजूरी दी गई। इससे स्वास्थ्य सुविधा में वृद्धि हुई। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में 383.86 करोड़ रूपए व्यय किया गया। इससे लोगों को शुद्ध पानी की आपूर्ति हो रही है। मशरूम की खेती के लिए अनुदान, सिलाई के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा धमतरी को 4.50 लाख रूपए व्यय करने समर्थन दिया। ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं के लिए योजना बनाई गई।

श्री सोनटक्के ने बताया कि नाबार्ड के प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** सरायपाली में बैंक के सामने एक कार चालक ने बाइक चालक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 27 दिसंबर को राजेश कुमार गुप्ता अपने मोटर सायकल से पीएनबी गए थे। जब वे वापस जा रहे थे तभी दोपहर करीब 2 बजे बैंक के सामने रोड में ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 09 जेएच 2401 के चालक के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राजेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### संयुक्त टीम ने किया कंपनी का निरीक्षण

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा शिवालिक पावर एंड स्टील प्रा.लि. ग्राम बेलसोंडा (महासमुंद) जाकर जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी (श्रम विभाग), सिद्धार्थ दुबे (नापतौल विभाग) उपस्थित रहे। जिसमें विधिक मापविज्ञान विभाग (नापतौल विभाग) की जांच में संस्थान में उपयोग किए जा रहे तौल उपकरण धर्मकांटे, छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण, थाट इत्यादि मानकों के अनुरूप व सत्यापित पाए गए। संस्थान में धर्मकांटे की जांच नियमित अंतराल समय-समय पर बाट द्वारा किए जाने के लिए निर्देशित किया गया एवं वजन में अधिक अंतर आने पर उपकरण का उपयोग तुरंत बंद कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिया गया। श्रम विभाग द्वारा जांच में दो ठेकेदारों के द्वारा श्रम अधिनियम अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना पाया गया। जिसका वैधता अवधि 31 दिसंबर 2024 होना पाया गया।

### दुकान के सामने गाड़ी रखा तो, मारपीट

**महासमुंद।** दुकान के सामने गाड़ी खड़ा कर पानी लेने गए एक शख्स और उसके साथी के साथ किराना व्यवसायी बाप-बेटे ने मारपीट कर दी। सरायपाली पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले की विवेचना शुरू कर दी। ग्राम बिरकोल निवासी परमेश्वर सोनी 28 दिसंबर की रात 8:30 बजे रवि त्रिपाठी के किराना दुकान के पास पानी लेने अपने साथी तरूण श्रीवास के साथ अपनी वाहन फोर्ड फिस्टा क्रमांक ओआर02 बीजे 0023 से गया था। वाहन को प्रार्थी ने रविनारायण त्रिपाठी के किराना दुकान के पास खड़ा किया था, तभी रविनारायण त्रिपाठी के पिता कृष्णराज त्रिपाठी आए और कहा कि यहां गाड़ी क्यों खड़ी किए हो। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि टंकी से पानी भरने आया हूं तो उसने अपने लड़के रविनारायण त्रिपाठी को फोन कर बुलाया इसके बाद दोनों ने यहां गाड़ी खड़ी करने किसने कहा है कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। जब प्रार्थी के साथी तरूण श्रीवास बीच बचाव किया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गधहाभांठा में एक व्यक्ति अपने घर के सामने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राधेश्याम दास पिता रत्थो दास (41 वर्ष) गधहाभांठा बताया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

आपराधिक मामलों पर लगा विराम, पुलिस की कार्रवाई से ग्रामवासियों में उत्साह

# तीस साल में पहली बार सांकरा में नहीं हुआ खड़खड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में जुआ, सट्टा, खड़खड़िया जुआ, अवैध शराब की बिक्री पर 30 साल बाद अंकुश लगा है। सिहावा पुलिस कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है। कड़ी कार्रवाई होते देख इन आपराधिक मामलों से जुड़े लोगों के हौसले पस्त हैं। ज्ञात हो कि मड़ई मेला में खड़खड़िया जुआ नामक अवैध कारोबार सिहावा क्षेत्र में पैर पसार चुका था। पुलिस की कार्रवाई से अब खड़खड़िया जुआ पर पूर्णतः पाबंदी लग गई है। क्षेत्र के ग्रामीण अब राहत की सांस ले रहे हैं। सांकरा, उमरगांव, सिहावा निवासी महेश कुमार अग्रवाल, नारायण दास मानिकपुरी, नीवेदर साहू, प्रभाकर पटेल, कमल पटेल, नरेंद्र पटेल ने कहा कि अवैधानिक कार्यों के चलते समाज में जो अशांति थी, उस पर बहुत हद तक अंकुश लग गया है। आम जनता में खुशी है। सिहावा पुलिस व थाना प्रभारी की कार्रवाई की ग्रामीणों ने प्रशंसा की है। बेलरगांव व सांकरा में जुआ सट्टा, खड़खड़िया जुआ, अवैध






शराब की बिक्री पर आज 30 वर्ष बाद पूर्णतः पांबदी दिखाई दे रही है।

पूर्व में बीच चौराहों पर हफ्ते महीनों तक चलने वाले खड़खड़िया नामक जुआ सट्टा पर अंकुश लगने से ग्रामीण खुश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की कड़ी कार्रवाई हमेशा होते रहनी चाहिए। कड़ी कार्रवाई होते देख अवैध कारोबार करने वालों के हौसले पस्त हो चुके हैं। हमारे प्रतिनिधि ने इस तरह के मामलों पर अंकुश लगते ही सिहावा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी उमाशंकर तिवारी से चर्चा की। उन्होंने 1-1 2024 से 30-12-2024 तक आबकारी, जुआ, सट्टा, प्रतिबंधात्मक को लेकर जानकारी दी । अब तक (01) आबकारी से में 43 मामले, (02) जुआ के तहत 12 मामले, (03) सट्टा में 06 मामले, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई (01) 107-116 (3) सीआरपीसी 126-135 बीएनएसएस 101 मामले, (02) 151सीआरपीसी170, बीएनएसएस 10 मामले,( 03) 145 सीआरपीसी 1764 बीएनएसएस 02 मामले पर किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है। आगे भी सिहावा क्षेत्र थाना अन्तर्गत सभी आपराधिक मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सिहावा पुलिस अपराधियों पर पैनी नजर रखेगी।

## घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गुरु घासीदास की जयंती पर नगर पंचायत नगरी के राजाबाड़ा दंतेश्वरी मंदिर से सतनामी सेना द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बजरंग चौक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास बोहरा, वरिष्ठ भाजपाई कमल डागा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, शहर अध्यक्ष राजा पवार ने गुरु घासीदास के तैल चित्र पर माथा टेका। मौके पर समाज अध्यक्ष विष्णु टण्डन, हिराउराम कोसरे, घनानंद सोनवानी नंदलाल कश्यप, तेज प्रकाश, भगत, बसंत, रामजी, योगेन्द्र भट्ट, मनोहर, अरुण बंजारे, सुरेश लहरे, लखन मल्होत्रा, राम मल्होत्रा, दुर्गेश महेश्वरी, बीरेंद्र मल्होत्रा समेत अन्य मौजूद रहे।



## अध्यक्ष डोमेश्वर, सचिव रितिक बनाए गए

■ कोसरिया यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

कोसरिया यादव समाज छाती पाली के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कोसरिया यादव समाज के राधा कृष्ण मंदिर धमतरी में युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। अध्यक्ष डोमेश्वर रावत गागरा, उपाध्यक्ष युगल यादव उड़ेना, सचिव रितिक यादव डांडेसरा, सहसचिव रविकुमार यादव गागरा, कोषाध्यक्ष दिलीप यादव उड़ेना, सह कोषाध्यक्ष तिजेन्द यादव छाती बनाए गए। सदस्यों में गुलशन यादव डांडेसरा, टेकराम यादव छाती, यमराज यादव पीपरछेड़ी, विक्रम यादव पीपरछेड़ी, रिखीराम यादव भोथली, नेतूराम यादव बलियारा, कमलेश्वर यादव बलियारा शामिल हैं। इस अवसर पर पाली संरक्षक शत्रुहन यादव, अध्यक्ष कोमू राम यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव, सचिव गौकरण यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, संचालक भोलेश्वर यादव, ढेलूराम यादव, नेतराम यादव, नकुल यादव, भागवत यादव समेत अन्य समाजजन उपस्थित थे।



## धार्मिक अनुष्ठान जीवन को धन्य बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है : रंजना





■ बिरेतरा में पूर्व विधायक ने सुनी शिव महापुराण कथा, व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम बिरेतरा में धर्म मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं. शारदा प्रसाद दुबे दक्ष यज्ञ विध्वंस, पर्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म, गणेशात्पत्ति कथा, त्रिपुर दहन, जालंधर तथा शंखचूंड़ कथा, बाणासुर की उत्पत्ति की कथा, शिवावतार, द्वादश ज्योतिर्लिंग का महात्य, शिव व्रत कथा, नरक वर्णन, उमा की उत्पत्ति, संन्यास की विधि सहित अनेक कथा निरंतर श्रद्धालुओं को परोस रहे हैं। शिव महापुराण कथा सुनने पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू अपने गृहग्राम पहुंची। कथा का रसपान कर धर्म मंच को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु के गुणगान करने से मन में शांति एवं हृदय में शुद्धता आती है। श्रीमद् भागवत कथा हमें आगे बढ़ने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने से परिवार में शांति का वातावरण का निर्माण होता है। धार्मिक अनुष्ठान हमारे जीवन को धन्य बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है। मौके पर बाला राम साहू, चितेरी राम साहू, खिलावन साहू, अलखराम सेन, मुन्नालाल पटेल, गजेंद्र साहू, टकेश्वर साहू, चंद्रमणि साहू, रामखिलावन साहू, सरपंच श्रीमती उषा भीखम साहू, उपसरपंच डॉ विनेश्वर साहू, तेजराम साहू, तिलक साहू, मंशाराम साहू, जेठूराम साहू, यामन साहू, मुरहाराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बूढ़ाराजा और बनियाधास वाटरफॉल की खूबसूरती का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

**छग के अंतिम ग्राम ओड़ आमामोरा में यूथ हॉस्टल्स ने की ट्रैकिंग**

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया धमतरी इकाई की दो दिवसीय ट्रैकिंग गरियाबंद जिले के वन्य ग्राम ओड़ आमामोरा में हुई। इस आयोजन में धमतरी, रायपुर और भिलाई इकाई से कुल 41सदस्य शामिल हुए ।

धमतरी इकाई के चेयरमेन हुकुमचंद जैन ने बताया कि ओड़ आमामोरा जिला मुख्यालय गरियाबंद से देवभोग सड़क मार्ग पर धवलपुर से पूर्व दिशा में तीस किमी अन्दर घने जंगलों के बीच पहाड़ पर स्थित है। समुद्र तल से 800 मीटर ऊंचाई पर प्रकृति की गोद में स्थित यह मनोरम स्थान छत्तीसगढ़ का शिमला है। वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता ने बताया कि ट्रैकिंग दल को डीएफओ धमतरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पहले दिन चार किमी ट्रैकिंग कर आमामोरा वाटरफॉल के विहंगम दृश्य का आनन्द लिया। दूसरे दिन छह किमी का ट्रैकिंग कर ओड़ के समीपस्थ बूढ़ाराजा वाटरफॉल और बनियाधास वाटरफॉल की खूबसूरती का आनन्द उठाया। वरिष्ठ सदस्य धनंजय सोनकर एवं कोषाध्यक्ष व्यंकटेश्वर साहू ने बताया कि ओड़ ग्राम की कमार जनजातियों को यूथ हॉस्टल्स ने स्पर्श ग्रुप धमतरी के सहयोग से गरम कपड़े और बच्चों को चप्पल तथा खेल सामग्र बांटी। कैम्प फायर में पारम्परिक गांड़ा बाजा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यकारिणी सदस्य दीपमाला साहू एवं नवीन साहू ने बताया कि धवलपुर के बाद उस क्षेत्र में आज भी बिजली नहीं पहुंच पायी है। सौर ऊर्जा से बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था होती है। प्राथमिक चिकित्सा, हाईस्कूल और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लोगों को तीस किमी दूर धवलपुर आना पड़ता है।

### मेंडरका पंचायत ने मितानिनों और ग्रीन आर्मी समूह का किया सम्मान

**सिर्री।** ग्राम पंचायत मेंडरका में ग्रीन आर्मी महिला समूह एवं मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम की ग्रीन आर्मी महिला समूह के सदस्यों को फावड़ा, टब, दस्ताना एवं मास्क प्रदान किया। साथ ही पंचायत द्वारा ग्रीन आर्मी टीम को गांव में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। ग्राम में सेवा देने वाली मितानिनों को श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच नेमिन सिन्हा, उपसरपंच रामकुमार मार्कण्डेय पंच रूक्मिणी सिन्हा रामेश्वरी साहू, सेवती साहू, कल्याणी बंजारे, सन्त कुमार साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## पटवारियों ने आनलाइन काम बंद किया



■ जमीन संबंधित कार्य के लिए लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पटवारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आनलाइन काम बंद कर दिया है जिसके कारण राजस्व संबंधी कार्य रूक गया है। कार्यालयों के माध्यम से कामकाज पूरी तरह प्रभावित है। लोगों को जमीन संबंधित कार्य के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पटवारियों की इस हड़ताल से रजिस्ट्री, खसरा, बी वन, नक्शा, डिजिटल सिग्नेचर, धान बेचने, सीमांकन, बंटाकन, रकबा सुधार जैसे दर्जनों काम प्रभावित है। लोग पटवारी दफ्तर का चक्कर काटने मजबूर हैं।

पटवारी संघ के जीवराखन कश्यप, विकास साहू ने बताया कि जिले के 180 पटवारियों ने आनलाइन कार्य का बहिष्कार किया है। उनके द्वारा चरणबद्ध आंदोलन शुरु कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट भत्ता, कम्प्यूटर सहित अन्य मांगों से शासन- प्रशासन को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई है। संघ के आह्वान पर 9 दिसंबर से आंदोलन शुरु किया गया है। जिले के पटवारियों ने काली ड्रेस पहनकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। 10 दिसंबर से विरोध स्वरूप काली पट्टी लगाकर काम किया। 15 दिसंबर के बाद आनलाइन कार्य को बंद कर दिया गया है।

### कौहाबाहरा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

**नगरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल चौक कौहाबाहरा में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि शिवा नेताम सरपंच कौहाबाहरा, रामकुंवर मंडावी सरपंच दुगली, महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, दसरूराम नेताम ग्राम प्रमुख, कन्हैया लाल मरकाम ग्रामीण अध्यक्ष, जयसिंह सोरी ग्राम प्रमुख थे। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश हित में किये उनके कार्यों को याद किया। महेन्द्र नेताम एवं शिवा नेताम ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रेम सिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषण मरकाम, मोहित राम मरकाम, वीरेंद्र प्रताप, केशनी बाई, बसंती बाई, सगनीबाई, जागेश्वरी, कुमारी बाई, मोतीराम मांडवी, राम भरोसा सिंह, गोकुल मरकाम, सुखचंद मरकाम, जीवनलाल मरकाम, शुद्धिमान नेताम, सहदेव नेताम, पुरुषोत्तम नेताम उपस्थित थे।

वीर बाल दिवस का बीसीएस शा.स्नात.महाविद्यालय में हुआ

## जन्म नहीं लेते ऐसे शेर पुत्र बार बार : स.जसपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं एनएसएस तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरदार जगजीवन सिंह सिद्धू, विशिष्ट अतिथि सरदार जसपाल सिंह छाबड़ा, सरदार जितेन्द्र सिंह खालसा, सरदार ज्ञानी अरूणदीप सिंह एवं सरदार ज्ञानी विजय सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

प्राचार्य डा.पाठक ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुये उद्बोधन दिया कि गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान की याद में 26 दिसंबर को प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाया जाता है। कम उम्र में ही इन युवा आत्माओं ने अपने धर्म को त्यागने की बजाय शहादत को चुना और अद्वितीय साहस और दृढ़ता का परिचय दिया। सभी पीढ़ियों के लाखों लोग आज भी उनके विश्वासों और आदर्शों को कायम रख कर उनके साहस से प्रेरित होते हैं।




सरदार जसपाल सिंह छाबड़ा ने अपने वक्तव्य में बताया कि गुरु गोबिंद सिंह के युवा साहिबजादों की श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिनकी बहादुरी और शहादत भारत के संघर्ष के इतिहास में अंकित रहेगा, उन्होंने कहा कि जन्म नही लेते ऐसे शेर पुत्र बार बार। सरदार ज्ञानी अरूणदीप सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया गुरु गोबिंद सिंह के दोनों बड़े पुत्रों ने मुगलों से जंग लड़ी थी जिसमें वे शहीद हो गए। दो छोटे बेटों को मुगलों ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था वे अपने धर्म को त्यागने से इनकार करने के कारण शहीद हो गए। इस दिन को गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों के बलिदान को याद करते हुए मनाया जाता है। डा अजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह दिन हमें युवाओं की शक्ति, समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने की उनकी क्षमता की याद दिलाता है। यह दिन अतीत को याद करने और वर्तमान तथा भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का है। सिक्ख बालक बालिकाओं मनवीर कौर, इसप्रित कौर, जशनदीप सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इतिहास विभाग से एम ए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र गुरूजोत सिंह खालसा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम का मंच संचालन आकांक्षा मरकाम तथा आभार व्यक्त डा. सरला द्विवेदी सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भीखमचंद, किशोर चेलक, गोविंदप्रसाद, पल्लवी सेन, दीपा साहू, दिनेश्वर सलाम, आकांक्षा मरकाम, एनएसएस स्वयंसेवक संदीप, परमानंद, दिगंत, दोमेन्द्री, गौरा, महिमा, रूद्राणी, पीयूष एनसीसी कैडेट्स वारूणी, फिरोज, लक्की, इन्द्रेश, चन्द्रकला, तुषार, सागर तथा अन्य विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## सराईटोला में पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम सराईटोला में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

ग्रामीण स्तर के भाजपाइयों ने स्व. वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित किया। मौके पर बूथ अध्यक्ष सोनाराम नेताम, कोमल नेताम, बलवंत, अशोक मरकाम, रामकुमार, गणेश नेताम, दिलीप नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

# 10 साल बाद पुनरीक्षण, सड़क-सेतु निर्माण कार्य के लिए जनवरी से नई एसओआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग सड़क एवं सेतु कार्यों के लिए दर अनुसूची (एसओआर) में बड़ा परिवर्तन करते हुए पुनरीक्षण कर 1 जनवरी 2025 से नवीन दर अनुसूची लागू करने जा रहा है। नवीन दर अनुसूची राज्य में दस साल बाद लागू होने जा रही है। वर्तमान दर अनुसूची 1 जनवरी 2015 से लागू है। विगत 10 वर्षों में इसमें बहुत परिवर्तन हो चुका है। नवीन दर अनुसूची वर्तमान में श्रमिकों की दर, सामग्री की दर एवं मशीनरी की दर लेकर बनाई गई है, जिससे दर अनुसूची अद्यतन हो गई है। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने संवाददाताओं को बताया कि नवीन दर अनुसूची लागू होने से निर्माण कार्यों के डीपीआर प्राक्कलन में कार्य लागत का आकलन वास्तविक होगा एवं कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी जाने वाली राशि कार्य करते समय पुनरीक्षित स्वीकृति की आवश्यकता कम होगी। इससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा में पूर्ण करने में सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में जारी की गई दर अनुसूची उस समय प्रचलित समस्त टैक्स को समावेशित करते हुए तैयार की गई थी। 1 जुलाई 2017 को उस समय प्रचलित सभी टैक्स को समाहित करते हुए जीएसटी पद्धति लागू की गई। वर्तमान दर अनुसूची को तैयार करते समय जीएसटी को नहीं जोड़ा गया है। कार्यों के प्राक्कलन तैयार करते समय कुल लागत में प्रचलित जीएसटी दर को अलग से जोड़कर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा अपनी निविदा दर जीएसटी सहित दी जाएगी एवं ठेकेदार को अलग से जीएसटी का भुगतान नहीं करना होगा, परंतु कार्य की लागत में जीएसटी का प्रभाव सम्मिलित रहेगा। दरों को जीएसटी के प्रभाव के बिना रखे जाने से समय-समय पर जीएसटी के दरों में होने वाले परिवर्तन के कारण ठेकेदार को कार्य करने में जोखिम नहीं रहता है।

## उप मुख्यमंत्री साव ने कहा-10 साल बाद राज्य में नई दर अनुसूची

### नई तकनीक, नए मटेरियल को जोड़ा गया

विगत 10 वर्षों से कई नवीन तकनीक, नए मटेरियल एवं आईआरसी द्वारा विभिन्न कार्यों की कार्यविधि में परिवर्तन किया गया है। नवीन तकनीक एवं नवीन मटेरियल के उपयोग का प्रावधान भी नवीन एसओआर में किया गया है। इनमें सीमेंट एवं केमिकल से स्वाईल स्टेबलाइजेशन, पेव्हमेंट व्हाइट टॉपिंग, रोड साइनेज में एल्युमीनियम कम्पोजिट मटेरियल शीटिंग का उपयोग, प्री-कास्ट आरसीसी ड्रेन, प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट, फाउंडेशन कार्य में आरसीसी के उच्च ग्रेड- एम-40, एम-45, एम-50 का उपयोग, सबस्ट्रक्चर कार्य में प्री-स्ट्रेसिंग, बम्बू क्रैश बैरियर, नॉइस वैरियर शामिल हैं।




### ठेकेदारों को वित्तीय जोखिम कम होगा

*उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनुबंध के प्रावधान अनुसार जीएसटी की दरों में परिवर्तन होने से ठेकेदार को जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त नहीं होता, जिससे ठेकेदार को अधिक वित्तीय जोखिम होता है। वर्तमान में अनुबंध फार्म में भी परिवर्तन कर ठेकेदार के जोखिम को कम किया जा रहा है। जीएसटी की दरों में वृद्धि होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों एवं एडीबी प्रोजेक्ट के कार्यों के अनुबंध के अनुरूप जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त हो सकेगा।*

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने दिवंगत बृजेंद्र श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तवजी ने जो कार्य किए, वे चिरस्थाई रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित थे।

### सीएम साय से शौंडिक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शौंडिक समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी रायपुर में 11 जनवरी 2025 को आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौंडिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आशीर्वाद भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 5 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों के बीपी, शुगर, स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिन की दवाईयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चंद्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कवासी लखमा, उनके बेटे सहित अन्य पूछताछ के लिए आज ईडी दफ्तर तलब

# शराब घोटाला मामले में लखमा ने कहा- मैं तो अनपढ़, अफसर जहां बोले, सिग्नेचर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा सहित अन्य को सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने समंस जारी किया है। श्री लखमा ने खुद इसकी पुष्टि की है। श्री लखमा ने बताया कि उन्हें तथा उनके बेटे को ईडी ने सोमवार को पूछताछ करने अपने कार्यालय तलब किया है। ईडी ने शनिवार को जिन लोगों के यहां रेड की थी, उनकी प्रॉपर्टी की जानकारी हासिल करने संबंधित जिलों के रजिस्ट्री कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी के लिए बैंकों को पत्र लिखेंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

छापे की कार्रवाई के बाद कवासी लखमा का बयान सामने आया है। बयान में श्री लखमा ने कहा कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने उनसे सवाल किए हैं। वे अनपढ़ हैं, आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी तथा उनके ओएसडी जिस कागज पर सिग्नेचर करने के लिए बोलते थे, वे उस कागज में हस्ताक्षर कर देते थे। श्री लखमा के अनुसार घोटाले का मास्टर माइंड एपी त्रिपाठी है। कवासी लखमा के अनुसार कितने करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है, उसे इस बात की जानकारी नहीं है। श्री लखमा ने कहा कि उसे एक रुपया भी नहीं मिला है।

### प्रॉपर्टी की जांच करने जिला कार्यालयों और ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने बैंकों को लिखेंगे पत्र


शराब घोटाला को लेकर ईडी ने की है कार्रवाई
पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश
रायपुर में कवासी लखमा के धरमपुरा स्थित निवास तथा चौबे कालोनी में सर्च
भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ छापे की कार्रवाई
लखमा के करीबी रामभवन के घर ईडी
दस्तावेजों की जांच

### ओएसडी को हिरासत में लेने की चर्चा

शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक ओएसडी के यहां भी छापे की कार्रवाई की गई थी। ईडी के अफसर उन्हें पूछताछ करने रविवार को अपने साथ ईडी कार्यालय लेकर आ गए थे। पूछताछ करने लाए गए ओएसडी की हिरासत में लिए जाने की चर्चा थी, लेकिन देर रात पूछताछ करने के बाद ईडी ने ओएसडी को छोड़ दिया।

### शराब मामले में गिरफ्तारी संभव

शराब घोटाला मामले में ईडी ने कई स्थानों से दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जिन लोगों के यहां ईडी ने छापे की कार्रवाई की है, उन्हें ईडी ने सोमवार को पूछताछ के लिए कार्यालय तलब किया है। आशंका जताई जा रही है कि पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी के अफसर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं।

### लखमा बोले- छापे में क्या मिला, मुझे जानकारी नहीं

*श्री लखमा ने बताया कि उनका तथा उनके बेटे का मोबाइल ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। ईडी के अफसर लखमा के निवास पर शनिवार सुबह 7 बजे छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। अन्य करीबियों के यहां छापे की कार्रवाई के बारे में उन्होंने कहा कि अन्य जगह छापे की कार्रवाई में ईडी को क्या मिला है, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है।*



*श्री लखमा के अनुसार, उनके यहां छापे की कार्रवाई में ईडी को एक फूटी-कौड़ी तक नहीं मिली है। ईडी के अफसरों ने उनके पूरे घर तथा गाड़ियों की, सभी जगह की जांच की। हमने पूरा घर ईडी के अफसरों को सौंप दिया था। ईडी ने उनकी तथा परिवार की संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी। उनके बाप-दादा के समय की चार एकड़ जमीन है। श्री लखमा ने मंत्री बनने के बाद किसी तरह से जमीन नहीं खरीदने की बात कही।*

# दिल्ली में प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों के पैनल पर मंथन, जल्द होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में भाजपा के 36 जिला संगठनों के जिलाध्यक्षों के पैनल पर रविवार को दिल्ली में मंथन किया गया है। ज्यादातर जिलाध्यक्षों के नाम फाइनल हो चुके हैं। इसकी घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित संगठन चुनाव के राष्ट्रीय पदाधिकारी, देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों को कार्यशाला में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद नवंबर से संगठन चुनाव चल रहा है। इसमें पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ और फिर तीसरे चरण में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में पहले भाजपा संगठन के 35 जिले थे, जो अब 36 हो गए हैं। बिलासपुर में एक और जिला बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी जिला संगठनों में जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नाम मंगाकर पहले 27 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल तय किया गया।

### राज्यों के अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पर कार्यशाला

*दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर अंतिम कार्यशाला रविवार को सुबह हुई। इसमें सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय चुनाव के पदाधिकारियों ने राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव के बारे में जानकारी दी। इसमें बताया गया कि अगर किसी राज्य में अध्यक्ष के चुनाव की स्थिति आती है तो क्या करना है। इसके लिए मतदान का अधिकार किनको रहेगा, इसकी भी पूरी जानकारी दी गई। राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख शामिल हुए।*

# कबीर नगर की शाखा में संघ प्रमुख भागवत ने किया सूर्य नमस्कार और व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत रायपुर में हैं। तीसरे दिन सुबह को करीब नगर की व्यावसायिक शाखा में गए और वहां पर सभी के साथ सूर्य नमस्कार करने के साथ व्यायाम भी किया। यहां पर वे एक घंटे तक रहे। दोपहर में उन्होंने रायपुरा स्वयंसेवक रतन चक्रधर के निवास में भोजन किया। अब 31 दिसंबर को वे प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास में भोजन करेंगे। इसी दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की बैठक भी होगी। जागृति मंडल में भी दिनभर बैठकों का दौर चला। इसमें पर्यावरण विषय पर पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ चर्चा हुई। संघ का फोकस इस समय पंच परिवर्तन पर है। हर दिन एक विषय पर चर्चा की जा रही है। पहली बार डॉ. भागवत साल के अंत में पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। इस प्रवास का मुख्य मकसद संघ को मजबूत करना है। संघ को मजबूत करने के लिए पंच परिवर्तन के विषय तय किए हैं। अपने दौरे में डॉ. भागवत राजधानी की शाखाओं में भी जा रहे हैं।

- स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर खाया खाना



दूसरे दिन सुबह से सत्र में वे कबीर नगर की व्यावसायिक शाखा में पहुंचे। इस शाखा में 40 वर्ष से ज्यादा के ऐसे स्वयंसेवक शामिल हैं, जो नौकरीपेशा या कारोबारी हैं। इस शाखा में डॉ. भागवत एक घंटे तक रहे। यहां पर शाखा की दिनचर्या में शामिल होने के साथ उन्होंने शाखा के स्वयंसेवक से चर्चा भी की।

# आयुष्मान कार्ड शिविर में दो हजार से अधिक ने लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। यह शिविर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी के निवास में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि अभी तक 10 जगह आयुष्मान कार्ड शिविर सिंधी काउंसिल लगा चुका है और लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों ने शिविर का लाभ लिया है, जिनका शिविर में कार्ड बनाया गया। इसी दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदीजी की शानदार योजना है आयुष्मान कार्ड। हर वर्ग इसका अधिक से अधिक लाभ ले और बुजुर्ग, महिला, बच्चे, सामान्य वर्ग एवं बीपीएल सब लाभ उठाएं। सबसे सच्ची सेवा कर रहा है सिंधी काउंसिल। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बीजेपी सरकार की सबसे अच्छी योजना, जिसका लाभ हर वर्ग उठाए। इस शिविर में सचिन मेघानी, संजय रहेजा, सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, कमल विधवानी, मुखी चंदर देवानी, अभय आठवानी, प्रकाश बलवानी आदि शामिल थे।

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, पहली बार हुए बस्तर ओलिंपिक से बस्तर में नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। यह ओलिंपिक उस क्षेत्र में हो रहा है, जो जगह कभी माओवादी हिंसा का गवाह रही है। बस्तर ओलिंपिक का शुभंकर है वनभैंसा और पहाड़ी मैना। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है। बस्तर खेल महाकुंभ का मूलमंत्र है, 'करसाय ता बस्तर, बरसाय ता बस्तर' यानी खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर।

प्रधानमंत्री ने बस्तर ओलिंपिक की सराहना करते हुए कहा, पहली ही बार में बस्तर ओलिंपिक में बस्तर संभाग के 7 जिलों के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, युवाओं के संकल्प की गौरवगाथा है। एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल, हर खेल में हमारे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार बस्तर में बदलाव और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने दृढ़ संकल्पित है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

## राजीव भवन में जुटे कांग्रेसियों ने उनके कार्यों को किया याद

# कांग्रेसियों ने दिवंगत पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ. मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान, प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके कामकाज को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देशभक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने देश-दुनिया की अविस्मरणीय सेवा की। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनका निधन देश के लिए, देश की राजनीति के लिए, कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

### ये हुए शामिल

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अमितेष शुक्ल, जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, अनिता शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, संजय पाठक, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एमआर निषाद, शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, सुंदर जोगी, मदन तालेड़ा, बबीता नत्थानी, दिनेश शुक्ला, मोहनलाल साहू, घनश्याम क्षत्रिय, मनीराम साहू, बजरंग यादव, पिंकी बाघ, सोन ठाकुर, सोहन शर्मा, राजेंद्र जग्गी, संजय पाठक, सतीश जैन, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन करते हुए एक जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे/आपत्तियां प्राप्त करना 31 दिसम्बर तथा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी को दोपहर 3 बजे और दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख गुरूवार 9 जनवरी निर्धारित की गई है।

## नहीं रूक रही पीडीएस चावल की कालाबाजारी : हितेश

**धमतरी।** युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि धमतरी में पीडीएस चावल की कालाबाजारी नहीं रूक रही है। सत्ता पक्ष के नेताओं के संरक्षण में शहर के कुछ बड़े व्यापारी एवं अधिकारी गरीबों के हक छीनकर अपनी जेब भरने में लगे हैं। श्री गंगवीर ने कलेक्टर से इस मामले की शिकायत करते हुए जांचकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन इसके विपरीत प्रशासन द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी कुछ दुकानों पर दिखावा मात्र की कार्रवाई कर रहे हैं। दुकानों से भारी मात्रा में जब्त पीडीएस चावल को कम बताकर दुकानदारों से अवैध वसूली की बात भी सामने आ रही है। आगे कहा कि शिकायत करने के लिए अधिकारियों को फोन लगाने पर भी वे फोन नहीं उठाते। कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव जैसे उग्र आंदोलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सहित खाद्य मंत्री को काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



## सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित

**धमतरी।** सहकारिता विभाग द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 24 को केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के तहत आज केंद्रीय स्तर पर नई दिल्ली में नवीन समितियों का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में किया गया। छत्तीसगढ़ में भी सहकारिता मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम जगदलपुर में आयोजित किया गया।
इसी तारतम्य में जिला धमतरी के कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में खूबलाल ध्रुव सदस्य जिला पंचायत धमतरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों के स्वागत उपरान्त जिले में नवगठित पंजीकृत पांच समितियां जिसमें दो मछुआ सहकारी समिति तथा तीन वन धन विकास केंद्र सहकारी समितियों के सचिवों को पंजीयन प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड वितरित करते हुए श्री ध्रुव द्वारा सम्मानित किया गया। पैक्स कोकड़ी के सचिव जनक निषाद को सी.एस.सी. में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण उपरांत नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रदर्शन किया गया।

### लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए पार्षदों व महापौर की शक्तियां हो जाएंगी शून्य

# शहर सरकार का कार्यकाल 6 को होगा खत्म, संचालन के लिए फिर बैठेगा प्रशासक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर सरकार का पंचवर्षीय कार्यकाल 6 जनवरी को खत्म हो रहा है। नगरीय निकायों के चुनाव की घोषणा अभी तक नहीं हुई हैं। अब ऐसे में कयास लगाया जा रहा कि नगर निगम में प्रशासक बिठाने की प्रक्रिया होगी। चुनाव में देर होने से प्रशासक की भूमिका ऐसी रहेगी कि वे निगम का सारा काम देखेंगे। लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए पार्षदों व महापौर की शक्तियां शून्य हो जाएंगी। सारा काम प्रशासक के जिम्मे होगा। सारी व्यवस्थाएं उनके अधीन होंगी। जनप्रतिनिधि निगम के कार्य में किसी तरह का हस्तक्षेप, निर्णय, आदेश नहीं कर सकेंगे।

राजनेताओं की शक्तियां प्रशासक के पास चली जाएंगी। नगर निगम धमतरी सहित 5 नगर पंचायत कुरूद, भखारा, आमदी, नगरी, मगरलोड में भी प्रशासक काम-काज संभालेंगे। इसके लिए राज्य शासन के आदेश का इंतजार किया जा रहा है।




### 5 जनवरी 2020 को ली थी शपथ

निगम में निर्वाचित सरकार ने 5 जनवरी 2020 को शपथ ली थी। 6 जनवरी तक चुनाव नहीं होने की स्थिति में जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। अधिकार शून्य होने के साथ सारी सुविधाएं वापस ले ली जाएंगी। उल्लेखनीय है कि निगम में कलेक्टर व नगर पंचायतों में एसडीएम को यह जिम्मेदारी मिलेगी।

### 6 माह के लिए भीमसिंह थे प्रशासक

नगर निगम में प्रशासक बिठाने की स्थिति दूसरी बार आई है। 15 अगस्त 2014 को निगम घोषित होने के बाद प्रशासक के रूप में तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह ने कुर्सी संभाली थी। श्री सिंह 23 अगस्त 2014 से 19 जनवरी 2015 तक प्रशासक रहे। इस अवधि में पुरानी सरकार का कार्यकाल 3 माह तक शून्य हो गया था।

**वजह आरक्षण की प्रक्रिया**
नगरीय निकाय का चुनाव दिसम्बर 2019 में हुआ था। अब चुनाव 2024 में होना था। बताया जाता है कि आरक्षण की प्रक्रिया विलंब होने से समय पर चुनाव नहीं हो सका।

## जिपं उपाध्यक्ष ने खपरी में सुनी श्रीमद् भागवत कथा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खपरी में शर्मा परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। चौथे दिन की कथा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर शामिल हुए। श्री चन्द्राकर ने कथावाचक पंडित युवराज शिवकुमार वत्स के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन में प्रेम, क्षमा, सहयोग, आत्म संतुष्टि की भावना जागृत करती है। प्रभु के चरणों में रहकर ही सच्चे समाज सेवा की बात सार्थक होगी। प्रभु की कृपा होती है तभी श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण कोषाध्यक्ष राजेन्द्र देवांगन, अश्विनी दुबे, पूर्व एल्डरमेन विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डे, ललित यादव, पूर्व सरपंच जयपाल नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने सुनी मोदी के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 171 वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में मोदी जी ने देश की सांस्कृतिक कला पर चर्चा की। कहा कि यह हमारे देश की विरासत रही है।

आज भी हमारे कलाकार देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय बस्तर नक्सल गतिविधियों से जूझ रहा था।

आज यह आयोजन बस्तर के सुरक्षित एवं शांत वातावरण को प्रदर्शित करता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार बधाई की पात्र हैं। मन की बात हमें अनेक देश की घटित घटनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा करने का सशक्त माध्यम बन गई है।

## मेनोनाईट बोर्ड ने क्रिसमस पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शाला की स्वर्ण जयंती समारोह पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमबीसीई द्वारा अपने कर्मचारियों, शिक्षकों सहित क्रिश्चयन बोर्ड द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए क्रिसमस पर्व एवं क्रिसमस डिनर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बोर्ड द्वारा हर वर्ष अपने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें क्रिसमस व नये वर्ष की शुभकामनाएं देने आयोजित किया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु ईसा मसीह की आराधना के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथियों ने प्रभु ईसा मसीह के जीवन और वचनों को सुनाया। बोर्ड के चेयरमैन एमके मसीह, सचिव मनेश सिंग, नवीन बघेल, उपाध्यक्ष आर. ख्रिस्टी, मनशेश सिंग, डॉ. पीके. मार्टिन, श्री जूरी, अनिल राघवा, पास्टर आशीष मिलाप, डा. पटौंदा सहित बोर्ड द्वारा संचालित सभी शालाओं के प्राचार्य एवं स्टाफ़ की उपस्थिति में प्रभु ईसा मसीह के आशीष वचनों को दोहराया गया।

इस अवसर पर डिवोशनल म्यूजिकल ग्रुप ट्राइब के सदस्यों ने प्रभु ईसा मसीह को समर्पित प्रार्थना एवं आव्हान गीत प्रस्तुत किया। सभी से प्रभु ईसा मसीह द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान संस्था के कर्मचारियों को उपहार एवं स्मारिका का वितरण किया गया।






## शंकरदाह में मितानिनों का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत शंकरदाह में मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मितानिनों को कंबल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान विश्राम साहू, पूरन लाल साहू, सुकालु यादव, सरपंच नरेन्द्र साहू, सोहन साहू पंच, फुलेश्वरी साहू, तुलसी राम साहू, नीता ध्रुव, मितानिन प्रशिक्षक सीता ध्रुव, हुलेश्वरी साहू मितानिन, श्यामा साहू, आशा ध्रुव, अमृता ध्रुव, सुरेखा डिंडोलकर, हेल्प डेस्क फैसलीटेटर मितानिन अरूण साहू उपस्थित थे।

# जिन लोगों ने आवास पूर्ण नहीं करवाया, उन पर होगी कार्रवाई

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और हितग्राहियों को भी यह मालूम रहे कि उन्हें किस योजना से लाभान्वित किया गया है, यह सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कमार बसाहटों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा लक्ष्य अनुरूप कमार हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों को प्रशिक्षण देने कहा। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला और राशनकार्ड बनाने तथा जनधन सुरक्षा बीमा योजना से छूटे हुए हितग्राहियों की सूची प्रदान करने और कमार बसाहटों में बिजली की उपलब्धता करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।



कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में पूरा करने कहा। कमार बसाहटों में सुकन्या समृद्धि योजना, महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वितों की जानकारी ली। इसके अलावा सिकलसेल, टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत किए गए पौधरोपण की जानकारी ली।

कलेक्टर ने छात्रावासों के निरीक्षण के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें छात्रावास के विद्यार्थियों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, रिवीजन, होमवर्क, परीक्षा की तैयारी की जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया। कलेक्टर ने आगे कहा कि जिन लोगों ने आवास पूर्ण नहीं करवाया है, उन पर कार्रवाई की जाए और आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए।

## नगर निगम क्षेत्र में जल्द खुलेगा अतिरिक्त थाना, विभागीय प्रक्रिया शुरू

- पूर्व विधायक रंजना साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा को थाना खोलने लिखा था पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कानून व्यवस्था को मजबूत करने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार लगातार काम कर रही है। एक तरफ नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने मजबूर कर रही है तो दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र में अपराध को रोकने हर स्तर पर प्रयास जारी है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई थानों को स्वीकृति देने प्रारंभिक कार्रवाई शुरू हो गई है जिससे प्रस्ताव को मुख्य बजट में शामिल किया जा सके। विदित हो कि पूर्व विधायक रंजना साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा को थाना खोलने पत्र लिखा था। उन्हें बताया था कि नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनसंख्या एक लाख से अधिक है और मात्र एक थाना है। बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए धमतरी शहर को अतितिक्त थाने की अत्यधिक आवश्यकता है जिस पर हामी भरते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया था। मंत्री ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू करवा दी है। भाजपा नेता विजय साहू ने कहा कि शहर क्षेत्र में एक अतिरिक्त थाने की अत्यधिक आवश्यकता है। नया थाना खुलने से शहर में कानून व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी।



## छाती के किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में उपस्थित किसान ,मजदूर, रेजा, हमाल कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुबह 9 बजे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया और देश के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। उक्त जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू छाती ने दिया।

## आमदी मंडल के बूथों में सुनी गई मन की बात



- प्रधानमंत्री ने साल के आखिरी मन की बात में स्वास्थ्य क्षेत्र के उपलब्धियों की तारीफ की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आमदी मंडल के विभिन्न बूथों में मोदी के मन की बात सुनी गई । इस माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। पुरी शक्तिकेंद्र में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू ने मन की बात सुनने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को मिली दो बड़ी उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। इन उपलब्धियों ने न सिर्फ दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है, बल्कि देशवासियों को गौरवान्वित महसूस भी कराया है। पहली उपलब्धि मलेरिया से लड़ाई से संबंधित है, जो आजादी के समय से ही हमारे लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती रही है जिसकी रोकथाम की गई। मौत के मामलों में अब काफी कमी आई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## सार्थक स्कूल के बच्चों ने मनाया क्रिसमस पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल के बच्चों ने क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया। सार्थक स्कूल की छात्रा देवश्री सार्वा ने सांता क्लॉस की वेशभूषा में डांस करते हुए अपने झोले से बच्चों को उपहार दिया। सभी बच्चे, सदस्य, प्रशिक्षकों ने क्रिसमस ट्री को बीच में रखकर क्रिसमस गीत पर डांस कर खूब एंजॉय किया। सार्थक के सदस्य गौरव लोहाना ने संस्था को उपहार भेंट किया।

सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़ ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, मुकेश चौधरी, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, काजल रजक, सुनैना गोड़े, आंचल गोडे, सखीना बाघमारे उपस्थित थे।

## ग्राम उड़ेना में खाद गोदाम, राशन दुकान के लिए भूमि आरक्षित

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के आश्रित ग्राम उड़ेना में शनिवार को आगामी भविष्य के लिए किसानों, उपभोक्ताओं की सुविधा उपलब्ध कराने खाद गोदाम, राशन दुकान आदि कार्यों के लिए पंचायत के प्रमुखों, गांव प्रमुखों, ग्राम पटेल के उपस्थिति में लोहा के बोर्ड लगाकर भूमि सुरक्षित किया गया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020